प्रादेशिक समाचार
15.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि केन्द्र सरकार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को उच्च शिक्षा में शामिल करने के लिए कदम उठा रही है। राजधानी रांची में आज बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में होने वाली प्रगति और मशीन द्वारा सीखने के कारण बड़े बदलाव नजर आएंगे। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का जोश और प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में राष्ट्रपति ने कहा कि लड़कियां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में किसी से पीछे नहीं हैं।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नये भारत में शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर है।

********************

परीक्षा पे चर्चा 2025 की पांचवी कड़ी में विद्यार्थियों को मस्तिष्क के चमत्कार के बारे में बताया गया है। प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता सद्‌गुरु ने सीखने को मनोरंजक बनाने और संतुलित, जीवंत मस्तिष्क विकसित करने के बारे में अंतर्दृष्टि साझा की। सद्‌गुरु ने परीक्षा में ध्यान बढ़ाने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मजबूत सचेतनता तकनीक की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा के बारे में नहीं है। सद्‌गुरु ने विद्यार्थियों से अपनी बुद्धि को गतिशील रखने को कहा।

********************

पूर्व आईएएस अधिकारी के. राजू को झारखंड कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। वे गुलाम अहमद मीर की जगह लेंगे। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी है।

********************

झारखंड समेत देशभर में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं आज शुरू हुई। धनबाद जिले में 20 केंद्रों पर 19,092 छात्र–छात्राएं शामिल हुए। पहले दिन 10वीं की अंग्रेजी और 12वीं की इंटरप्रेन्योरशिप की परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही छात्रों की जांच के बाद प्रवेश कराया गया। सीबीएसई ने छात्रों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है।

********************

औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में कल से आठ दिवसीय स्काय डाइविंग महोत्सव की शुरुआत होगी। 23 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव का उदघाटन राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार दिन के साढ़े दस बजे करेंगे।

********************

कोडरमा बागीटांड़ में बने इंडोर स्टेडियम में खिलाड़ियों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

********************

रामगढ़ में माता वैष्णो देवी और अमरनाथ गुफा के प्रारूप वाले मेले का उद्‌घाटन विधायक ममता देवी ने किया। उन्होंने इसे आस्था का केंद्र बताते हुए कहा कि आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर लोग यहां दर्शन कर सकते हैं। गौरतलब है कि सोनपुर के कलाकारों ने इसे 12 लाख की लागत से तैयार किया है। आयोजकों ने बताया कि बुजुर्गों और असमर्थ लोगों के लिए यह विशेष अवसर है।